आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 19.04.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिलाओं की प्रगति और सशक्तिकरण में बाधा डालने का आरोप लगाया।
- उत्तरकाशी जिले में स्थित श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा को पूरी तरह प्लास्टिक वेस्ट मुक्त बनाने के निर्देश दिए।
- और... केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना –3, को मार्च 2025 के बाद मार्च 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दी है।

.........................................................................................

पीएम संबोधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि राष्ट्र हित इस सरकार के लिए सर्वोपरि है। कल रात राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के सर्वोत्तम और निष्ठापूर्ण प्रयासों के बावजूद नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पारित नहीं हो सका।

श्री मोदी ने कहा कि महिला आरक्षण समय की मांग है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर महिलाओं की प्रगति और सशक्तिकरण में बाधा डालने का आरोप लगाया।

.........................................................................................

गगांत्री/यमुनोत्री

उत्तरकाशी जिले में स्थित श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट आज अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। हमारी संवाददाता साक्षी सिंह ने बताया कि गंगोत्री धाम के कपाट दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर तथा यमुनोत्री धाम के कपाट 12 बजकर 35 मिनट पर खोले जाएंगे। इसके साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा विधिवत रूप से प्रारंभ हो जाएगी।

उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोलने की प्रक्रिया कल से ही शुरू हो गई है। दोनों धामों को कई क्विंटल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया है। इस बीच, मां गंगा की उत्सव

डोली अपने शीतकालीन प्रवास स्थल मुखबा से कल दोपहर आर्मी बैंड और स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। मंदिर समिति के अनुसार, डोली भैरोंघाटी में रात्रि प्रवास के बाद आज सुबह गंगोत्री धाम पहुंचेगी। वहीं, मां यमुना की उत्सव डोली आज सुबह खरसाली से यमुनोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी। उत्सव डोलियों के धाम पहुंचने के पश्चात आज दोपहर दोनों धामों के कपाट ग्रीष्मकाल के लिए खोल दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गंगोत्री धाम में कपाट खुलने के अवसर पर उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि यात्रा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस वर्ष सुरक्षा की दृष्टि से सभी धामों में हाईटेक कैमरों के माध्यम से निगरानी की जाएगी। साथ ही पर्याप्त पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात किए गए हैं। इसके अलावा, यात्रा मार्गों और धामों में पेयजल, बिजली, शौचालय तथा विश्राम गृह सहित सभी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। वहीं, केदारनाथ धाम के कपाट 22 अप्रैल को और बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खोले जाएंगे। श्री गंगोत्री और यमुनोत्री धाम से कपाट खुलने का सीधा प्रसारण आज सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आकाशवाणी देहरादून से सुना जा सकेगा।

.......................................................................................

सीएम समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा को पूरी तरह प्लास्टिक वेस्ट मुक्त बनाने के निर्देश दिए हैं। देहरादून में चारधाम यात्रा तैयारियों की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्लास्टिक बोतलों को हतोत्साहित करने के लिए यात्रा मार्ग पर जगह–जगह वाटर एटीएम स्थापित करने पर जोर दिया। साथ ही कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्लास्टिक वेस्ट के लिए पूरे प्रदेश में "मनी बैक" योजना लागू करते हुए, हर दुकान पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट अनिवार्य किया जाए। श्री धामी ने कहा कि साफ सफाई और तीर्थ यात्रियों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए यात्रा मार्ग पर स्थित 30 नगर निकायों को मजबूत किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को अब 24 घंटे गर्म पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

.......................................................................................

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना –3, को मार्च 2025 के बाद मार्च 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इसमें बस्तियों को ग्रामीण कृषि बाजारों, उच्च माध्यमिक विद्यालयों और अस्पतालों से जोड़ने वाले मुख्य मार्गों और प्रमुख ग्रामीण संपर्कों का समेकन शामिल है। उन्होंने बताया कि योजना का संशोधित परिव्यय 83

हजार 977 करोड़ रुपये होगा। श्री वैष्णव ने कहा कि पीएमजीएसवाई–3 की समयसीमा बढ़ाने से ग्रामीण सड़कों के लक्षित उन्नयन को सुनिश्चित करते हुए इसके इच्छित सामाजिक–आर्थिक लाभों की पूर्ण प्राप्ति हो सकेगी।

..............................................................................

विश्व यकृत लीवर दिवस

आज विश्व यकृत दिवस है। यह दिन हर साल 19 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है अच्छी आदतें, स्वस्थ्य लीवर।

नैनीताल के हल्द्वानी में प्रैक्टिस कर रहीं यकृत रोग विशेषज्ञ डा. मेघा शर्मा रखोलिया ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि अनियंत्रित मोटापा और मधुमेह के कारण लोगों और विशेषकर महिलाओं में यकृत लीवर रोग प्रायः देखने को मिल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मोटापा, मधुमेह और कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण फैटी लीवर होना और लगभग चालीस प्रतिशत लोग आगे चलकर लीवर कैंसर से भी ग्रसित हो रहे हैं।

उन्होंने लीवर रोग से बचाव के लिए वजन नियंत्रित रखने, संतुलित खानपान और नियमित शारीरिक व्यायाम करने की सलाह दी है।

..............................................................................

हरिद्वार में अतिक्रमण हटाया

हरिद्वार प्रशासन ने कुंभ मेला की तैयारियों के क्रम में अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत पंतद्वीप क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की है।

उप मेलाधिकारी आकाश जोशी ने बताया कि अभियान के दौरान टीम ने अवैध अतिक्रमण कर बनाई गई 35 अस्थायी दुकानों और 57 रेहड़ियों को हटाया। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

..............................................................................

राज्यपाल हरमंदिर दर्शन

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने अमृतसर स्थित पवित्र श्री हरमंदिर साहिब में मत्था टेक कर देश और प्रदेशवासियों की सुख, समृद्धि तथा खुशहाली के लिए अरदास की है।

राज्यपाल ने कहा, "श्री हरमंदिर साहिब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि मानवता, समानता और निस्वार्थ सेवा का दिव्य संगम है। उन्होंने कहा कि यह पवित्र स्थल हमें सिखाता है कि सच्ची श्रद्धा केवल प्रार्थना में नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और प्रेम में निहित है।

इस बीच, राज्यपाल ने आज से शुरु हो रही चारधाम यात्रा पर देश–विदेश से आने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं हैं। उन्होंने सभी यात्रियों की सुखद, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा की कामना की है।

..........................................................................................

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––

देहरादून से प्रकाशित सभी समाचार पत्रों ने प्रधानमंत्री के राष्ट्र के नाम संबोधन को पहले पृष्ठ पर जगह दी है। हिन्दुस्तान ने इसे 'नारी को हक दिलाकर रहेंगे' शीर्षक के साथ प्रकाशित किया है।

अमर उजाला ने जयकारों के साथ चारधाम यात्रा शुरु शीर्षक से समाचार प्रकाशित करते हुए, आज गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खुलने की जानकारी दी है।

दैनिक जागरण ने होर्मुज में भारतीय जहाजों पर ईरान की गोलीबारी से संबंधित समाचार को भी प्रथम पृष्ठ पर जगह दी है।

..........................................................................................